तापमान
अधिकतम 29 .3°c
न्यूनतम 17 .2°c

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

शहर में आज

- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में इंटर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 10 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे
- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अर्चना गुप्ता की प्रेसवार्ता का आयोजन दोपहर 2 बजे



जाट भवन के पास सुबह 4:47 बजे हादसा, बेटी नीलम के साथ सैर के लिए निकली थी कृष्णा देवी

नशे में इतने धुत थे कि खाली रोड पर भी नहीं संभाल सके कार, मां-बेटी को कुचला

■ कार चालक साथी सहित गिरफ्तार, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुबह की सैर के लिए घर से निकली मां-बेटी को जाट भवन के पास तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बेटी सड़क किनारे और 70 वर्षीय मां कार के आगे गिर गई। बताया जा रहा है कि कार सवार युवक नशे में इतने धुत थे कि खाली रोड पर भी गाड़ी संभाल नहीं सके और कार महिला के ऊपर से गाड़ी निकाल दी, जिससे वह पहियों के पास फंस गई। राहगीरों ने महिला को कार के नीचे से निकाला और बेटी सहित अस्पताल पहुंचाया। जहां मां की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने कार चालक और उसके साथी को काबू कर लिया है। उन पर लापरवाही से वाहन चलाने संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।





पीछे से आई वरना कार ने मारी सीधी टक्कर

रामगोपाल कॉलोनी निवासी नीलम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 अक्टूबर की सुबह करीब 4:30 बजे वह अपनी मां कृष्णा देवी के साथ रोजाना की तरह देवीलाल पार्क में सैर के लिए जा रही थीं। करीब 4:45 बजे जब वे जाट भवन के नजदीक पहुंचीं, तभी पीछे से आई सफेद वरना कार ने उन्हें टक्कर मार दी। शिकायत के अनुसार, कार तेज गति और लापरवाही से चलाई जा रही थी। टक्कर लगने से नीलम सड़क के किनारे गिर गईं, जबकि उनकी मां कार के आगे गिर गईं। आरोप है कि कार उनके ऊपर चढ़ गई और वह पहिये के पास फंस गईं।

राहगीरों ने कार के नीचे से निकाला

नीलम के अनुसार, जब उन्होंने संभलकर देखा तो उनकी मां गंभीर रूप से घायल थीं और काफी खून बह रहा था। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने मिलकर कृष्णा देवी को कार के नीचे से निकाला। इसी दौरान कार में सवार चालक और उसके साथी ने वहां से जाने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को पीजीआईएमएस पहुंचाया गया। बाद में परिजन उन्हें उपचार के लिए होली हार्ट अस्पताल ले गए।

पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच

पुलिस की कार्रवाई के अनुसार, डायल-112 से हादसे की सूचना मिलने पर पीसीआर-5 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार चालक सुमित निवासी फरमाणा खास और उसके साथी प्रवीण को काबू किया। पुलिस कर्मियों ने दोनों के शराब पीने का संदेह जताया। चालक की मेडिकल जांच में शराब की गंध आने का उल्लेख किया गया है। हादसे में शामिल सफेद वरना कार को कब्जे में लेकर इंपाउंड किया गया और मोटर वाहन अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने नीलम की शिकायत थाना अर्बन एस्टेट में केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हिसार रोड पर देर रात टकराईं दो गाड़ियां, तीन युवक घायल

■ हादसे के बाद मची अफरा-तफरी, पवन, राहुल और रामकुमार ट्रामा सेंटर में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हिसार रोड पर देर रात दो गाड़ियों की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। सड़क पर अचानक हुए इस हादसे के बाद मौके पर हलचल मच गई। दुर्घटना में घायल युवकों को उपचार के लिए रोहतक के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान हिसार रोड निवासी पवन, राहुल और रामकुमार के रूप में हुई है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और दोनों गाड़ियों की टक्कर किस वजह से हुई, इसका पता लगाने के लिए पुलिस जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, हिसार रोड पर देर रात दो गाड़ियां आपस में टकरा गईं। टक्कर के कारण तीन युवक घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की आवाजाही बढ़ गई। घायलों को उपचार दिलाने के लिए उन्हें ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मामले को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। हादसे में घायल हुए तीनों युवकों की पहचान पवन, राहुल और रामकुमार के रूप में हुई है। तीनों हिसार रोड के निवासी बताए गए हैं। दुर्घटना के बाद उन्हें चिकित्सकीय सहायता के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनके उपचार की जानकारी सामने आई है, जबकि चोटों की गंभीरता और उनकी मौजूदा स्वास्थ्य स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है।



हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी पुलिस

पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान दुर्घटना से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों का पता लगाया जाएगा। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दोनों गाड़ियों की टक्कर किस कारण हुई। पुलिस जांच के बाद ही हादसे की वजह और घटनाक्रम को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। हालांकि, इस मामले में हादसे के लिए किसी चालक की गलती की पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस की जांच के बाद ही दुर्घटना से जुड़े तथ्यों की पूरी तस्वीर सामने आएगी।



आंदोलन के नाम पर हिंसा स्वीकार्य नहीं : डॉ. अर्चना गुप्ता

युवाओं की भागीदारी से विकसित भारत का संकल्प होगा साकार

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने रोहतक में 'विकसित भारत युवा कन्वेंशन' को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करतीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता और मदनलाल ढींगरा कम्युनिटी सेंटर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को सम्मानित करते युवा नेता। फोटो : हरिभूमि

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। युवा अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और नवाचार की क्षमता राष्ट्र निर्माण में लगाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी।

उन्होंने लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण विरोध और असहमति व्यक्त करना नागरिकों का अधिकार है, लेकिन आंदोलन के नाम पर हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और पुलिसकर्मियों पर हमले स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया पर तथ्यपरक, सकारात्मक सामग्री साझा करने और भ्रामक प्रचार से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने आह्वान किया कि युवा भारत को विकसित, स्वच्छ, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लें। डॉ. गुप्ता ने रविवार को मदनलाल ढींगरा कम्युनिटी सेंटर में आयोजित 'विकसित भारत युवा कन्वेंशन' में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. गुप्ता ने युवाओं से सीधे सवाल-जवाब किए। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मृत मतदाताओं, एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नामों और स्थायी रूप से स्थानांतरित लोगों की प्रविष्टियों का सत्यापन आवश्यक है। एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है।

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत भ्रामक प्रचार के विरुद्ध जागरूकता का आह्वान

'मन की बात' सशक्त संवाद

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने रोहतक विधानसभा के बूथ संख्या 169 स्थित मदनलाल ढींगरा कम्युनिटी सेंटर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 139वां संस्करण सुना। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' समाज को सकारात्मक दिशा देने और देशवासियों को रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित करने वाला सशक्त संवाद है। डॉ. गुप्ता ने दीपावली पर स्थानीय कारीगरों और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि विदेशी सजावटी लड़ियों के बजाय मिट्टी के दीये खरीदकर स्थानीय कुम्हारों और कारीगरों की आजीविका को मजबूती दें। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल फॉर ग्लोबल' के मंत्र को अपनाते हुए स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप जैन, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अक्षित दहिया, एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अजय खुंडिया, प्रदेश सचिव नागेंद्र शर्मा, प्रदेश सचिव विकास दहिया, दीपक निवास हुड्डा, नवीन दहिया, रमा बल्हारा, पर्व शर्मा और कर्ण प्रताप सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री ग्रोवर ने फिर साधा निशाना

वोट चोरी के आरोप से जनता को भ्रमित कर रही कांग्रेस



रोहतक। मॉडल टाउन स्थित बूथ नंबर 33 पर आयोजित 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मनीष कुमार ग्रोवर व अन्य कार्यकर्ता।

रोहतक। प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मनीष कुमार ग्रोवर ने रविवार को एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब एसआईआर के मुद्दे पर कांग्रेस रोहतक जिला प्रशासन के साथ हर बैठक में उपस्थित रही, अब वोट चोरी पर शोर मचा रही है। उस वक्त कांग्रेस ने ना तो कोई आपत्ति दर्ज कराई और ना ही कोई शिकायत दी। मनीष ग्रोवर रविवार को मॉडल टाउन स्थित बूथ नंबर 33 पर आयोजित 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रोहतक के मतदाता कांग्रेस से सवाल पूछ रहे हैं कि जब एसआईआर की प्रक्रिया चल रही थी, तब कांग्रेस के प्रतिनिधि रोहतक विधायक बीएलए 1 की जिम्मेदारी के साथ रोहतक जिला प्रशासन के साथ बैठकों में शामिल होते रहे। उस समय कांग्रेस ने किसी अनियमितता को लेकर शिकायत नहीं की, तो अब अचानक वोट चोरी के आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास क्यों किया जा रहा है। ग्रोवर ने कहा कि भाजपा ने रोहतक विस. में एसआईआरके लिए साधारण कार्यकर्ता को बीएलए-1 की जिम्मेदारी सौंपी है, जबकि कांग्रेस ने रोहतक विस. के विधायक को बीएलए-1 बनाया है। उन्होंने पूर्वांचल जनकल्याण सेवा संस्था की ओर से आयोजित मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं और रोहतकवासियों के साथ लाइव सुना। इससे पहले, मेयर राम अवतार वाल्मीकि और मार्केट कमेटी के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू, राजेश खुलर, अशोक खुराना, संदीप पांडे, सुनील पसरिजा, सुरेंद्र मग्गू, सुरेंद्र यश, मुकेश टक्कर, आशीष दुबे, सरदार कुलविंदर सिक्का आदि मौजूद रहे।

किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी हर वर्ग भाजपा से परेशानः भूपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ प्रदेश में अर्थव्यवस्था और कानून व्यवस्था से लेकर बिजली व्यवस्था तक सब ठप

भाजपा सरकार से हर वर्ग परेशान है। किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, दलित, पिछड़े, महिलाएं, गरीब, ग्रामीण और शहरी, सभी इस सरकार की करगुजारियों का शिकार हो रहे हैं। भाजपा अर्थव्यवस्था और कानून व्यवस्था से लेकर बिजली व्यवस्था तक कुछ भी संभाल नहीं पा रही है। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने यह बात कहीं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 3 दिनों तक ठप रही बिजली व्यवस्था के लिए सीधे तौर पर प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। क्योंकि यह सरकार एक निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए किसानों समेत प्रदेश के बड़े वर्ग पर महंगी बिजली की मार मारना चाहती है। जब हमें गुरुग्राम और नूंह में बिजली वितरण के निजीकरण की जानकारी मिली थी, तभी इस मुद्दे को लेकर चिंता जाहिर की थी। मैंने खुद विस. में इस मुद्दे को उठाया था, लेकिन निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने की मंशा से कार्य कर रही सरकार जानबूझकर इसे नजरअंदाज करती रही, जिसका खामियाजा पूरे प्रदेश को भुगतना पड़ा। शुरुआत से ही सरकार के मन में खोट था, इसलिए मेरी मांग के बावजूद सरकार ने उस समय इस निजीकरण का विरोध नहीं किया। लेकिन जब कर्मचारियों ने एकता का परिचय दिया, तो मजबूरी में सरकार कर्मचारियों के साथ खड़े होने का ड्रामा कर रही है। हमें संदेह है कि सरकार फिर से निजी कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए यह फैसला ले सकती है।

वेयरहाऊस कॉलोनी की गलियां पक्की होंगी, 1. 60 करोड़ रुपये होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



■ 3 अक्टूबर को प्रकाशित वेयर हाऊस कॉलोनी का समाचार

रोहतक रोड पर स्थित वेयर हाऊस कॉलोनी के लोगों को नगर पालिका द्वारा बड़ी राहत मिलने जा रही है। इस कॉलोनी की गलियां कच्ची पड़ी थी। लंबे समय से इस कॉलोनी के लोग गलियों को पक्का किए जाने की मांग कर रहे थे। कॉलोनीवासियों का कहना था कि उनकी कॉलोनी एक साल पहले नियमित कॉलोनी में शामिल कर ली गई थी। नगर पालिका सीमा में आने के एक साल बाद भी इस कॉलोनी की गलियां बदहाल थी। नगर पालिका महम की प्रधान भारती पंवार ने जानकारी दी कि वेयर हाऊस के पास स्थित इस कॉलोनी की गलियों के लिए निर्माण के लिए 1 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत आएगी।

हरिभूमि इंपैक्ट

नगर पालिका की ओर से इसका प्रपोजल प्रशासनिक स्वीकृति के लिए विभाग के पास भेज दिया गया है। जल्द ही वेयर हाऊस कॉलोनी के लोगों को पक्की गलियों की सुविधा मिल सकेगी। राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि ने महम की वेयर हाऊस कॉलोनी की कच्ची गलियों और वहां की बदहाली का मुद्दा 3 अक्टूबर के रोहतक भूमि के अंक में उठाया था। कॉलोनी के लोगों ने इस बारे में नगर पालिका के उपप्रधान बसंत लाल गिरधर को एक ज्ञापन सौंपा था।

स्थानीय निवासी कुलदीप बल्हारा, सुभाष शर्मा, खेमचंद व सुरेश कुमार समेत कई नागरिकों ने हरिभूमि संवाददाता से मिलकर उनकी समस्या को समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित करने की अपील की थी। हरिभूमि समाचार पत्र ने उनकी इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद प्रशासन जागा और गलियों को पक्का करने की योजना बनाई।

न्यूज डायरी



मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर दुष्यंत चौटाला ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

रोहतक। जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में पारदर्शिता और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। उत्तर प्रदेश में एक विस. क्षेत्र में 13 हजार मतदाताओं के नाम और उनके पिता के नाम में कथित तौर पर बदलाव होने का मामला गंभीर है। उन्होंने इसकी निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारी तय करने की मांग की। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मतदाता सूची से नाम कटने के बाद दोबारा पंजीकरण कराने में भी लोगों को परेशानी हो रही है। फॉर्म-6 की प्रक्रिया के कारण पहले मतदान कर चुके नागरिकों के सामने भी दिक्कतें आ सकती हैं। दुष्यंत चौटाला ने आरोप लगाया कि मंडियों में किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजरा उत्पादकों को पोर्टल पर पंजीकरण के बावजूद खरीद की तारीख नहीं मिल रही। वहीं, धान में 17 प्रतिशत नमी बताकर किसानों को 200 से 300 रुपये प्रति क्विंटल कम भाव पर फसल बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को मिलेगा प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर

रोहतक। उपायुक्त सतबीर सिंह के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही विभिन्न प्रतियोगिताओं में इस बार मेहंदी प्रतियोगिता को भी शामिल किया गया है। यह प्रतियोगिता तृतीय समूह (कक्षा 9वीं एवं 10वीं) तथा चतुर्थ समूह (कक्षा 11वीं एवं 12वीं) के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मक कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी सोमदत्त खुंडिया एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी अशोक शर्मा ने बताया कि बाल दिवस प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना, उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें अपनी कला एवं कौशल प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध करवाना है। परिषद द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं में समूह नृत्य, एकल नृत्य, समूह गान, एकल गायन, रंगोली, क्विज सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियां शामिल हैं। इस वर्ष मेहंदी प्रतियोगिता को भी इन गतिविधियों का हिस्सा बनाया गया है, ताकि विद्यार्थियों को अपनी कलात्मक अभिरुचि को प्रदर्शित करने का अतिरिक्त अवसर मिल सके।

महम क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए बड़ी सौगात सवा तीन करोड़ की लागत से बनेगी लाइब्रेरी

महम। नगर पालिका द्वारा शहर व आस पास के क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी सौगात दी जा रही है। पुराने नगर पालिका भवन की जगह पर करीब सवा तीन करोड़ रुपए की लागत से पुस्तकालय का निर्माण किया जाएगा। इस पुस्तकालय के बन जाने से महम क्षेत्र के विद्यार्थियों को लाइब्रेरी की निःशुल्क सुविधा मिल सकेगी। इससे पहले विद्यार्थियों को प्राइवेट लाइब्रेरियों में जाना पड़ रहा है और वहां पर प्रतिमाह फीस देनी पड़ती है। नए पुस्तकालय के बनने से गरीब व मध्यम वर्ग के विद्यार्थियों के अभिभावकों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने बताया कि अगले हफ्ते इस भवन के निर्माण के लिए वर्क ऑर्डर जारी कर दिया जाएगा। यह निर्माण कार्य करीब 1000 स्क्वेयर मीटर एरिया में किया जाएगा।। ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग बनाई जाएगी। जबकि प्रथम तल पर लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा बैंक गारंटी जमा करवानी बाकि है, अन्य सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। ठेकेदार ने आश्वासन दिया है कि वह अगले हफ्ते बैंक गारंटी भी जमा करवा देगा। इस लाइब्रेरी में करीब 100 विद्यार्थी एक साथ बैठक शिक्षा ग्रहण कर सकेंगी।

प्राइवेट कंपनी को बिजली लाइसेंस देने के कारण हुए नुकसान पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार

रोहतक। इनेलो के युवा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह राठी ने कहा कि प्राइवेट कंपनी को समानांतर लाइसेंस देने के कारण प्रदेश को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है और सरकार को इस पर श्वते पत्र जारी करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो दिन बिजली न मिलने के कारण हजारों करोड़ रुपयों का नुकसान हो गया और लोग परेशान हुए उसकी भरपाई आखिर कौन करेगा। रविवार को इनेलो के युवा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह राठी रूपया चौक स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार से आज हर वर्ग पूरी तरह से परेशान है। झूठ बोलकर भाजपा सरकार सता में आई और एक भी वायदा लोगों से पूरा नहीं किया। सिर्फ अपने चहेते पूंजीपतियों के लिए सरकार काम कर रही है और निजीकरण करने पर तुली है। नूंह व गुरूग्राम में भी सरकार ने अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए बिजली वितरण के समानांतर लाइसेंस देने का काम किया, लेकिन प्रदेश की जनता की एकजुटता के चलते सरकार बैकफुट आई है। इस अवसर पर विनेश लाकडा, बल्लू प्रधान, नफे सिंह लाहली, कृष्ण कौशिक, राकेश सहगल, गौरव भैसवाल, डॉ. राजपाल देशवाल, दलबीर राणा, डॉ. सुशीला देशवाल, सतीश नांदल रिठाल, पंकज हुमायुपुर, पुनीत मायना, वेद भराण, मास्टर मुख्तयार सिंह आदि मौजूद रहे।

बदहाल व्यवस्थाओं का दंश झेल रही रोहतक की जनता : सुभाष बतरा



रोहतक। पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष बतरा ने रोहतक की बदहाली को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ तीखा हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अपनी सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीरता से मंथन करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हरियाणा को विकास में पिछाड़ दिया है। रोहतक की जनता बदहाल व्यवस्थाओं का दंश झेल रही है और सत्ता में बैठे लोग राजनीतिक गुटबाजी तथा अपनी कुर्सियां बचाने में उलझे हुए हैं। अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत में बतरा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी पंजाब चुनाव की राजनीतिक व्यस्तताओं से थोड़ा समय निकालकर हरियाणा की जमीनी हकीकत भी देखें। बतरा ने जिला न्यायालय के आसपास की यातायात व्यवस्था को प्रशासनिक विफलता का जीता-जागता उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि सप्ताह के कार्यदिवसों में कोर्ट परिसर और आसपास की सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस अवसर पर कांग्रेस की तरफ से मेयर का चुनाव लड़ चुके सूरजमल किलाई, जिला बार एसोसएशिन के प्रधान हरस्वरूप, पूर्व प्रधान लोकेंद्र सिंह फोगाट 'जोजो', पूर्व डिप्टी मेयर अनिल कुमार, पूर्व एमसी कृष्ण सहरावत, करण नारंग, गुलशन पुनियानी, अरविंद श्योराण, एडवोकेट सुशील जुनेजा आदि मौजूद रहे।

एक नवंबर की रैली में हरियाणा से जाएंगे 3 लाख लोग : रोहित

रोहतक। दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को कांग्रेस के 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत ऐतिहासिक रैली आयोजित होगी। इसके बाद राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन मार्च निकालेगा। रैली की तैयारियों को लेकर रोहतक में बैठक हुई, जिसमें रैली प्रभारी एवं एआईसीसी सचिव रोहित चौधरी का स्वागत किया गया। रोहित चौधरी ने बताया कि देशभर से 10 लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य है, जबकि हरियाणा कांग्रेस 3 लाख लोगों को दिल्ली ले जाएगी। उन्होंने रैली को लोकतंत्र बचाने के संघर्ष में मील का पत्थर बताया। बैठक में कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग पर वोटों में कथित गड़बड़ी के आरोप लगाए और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। नेताओं ने भाजपा पर युवाओं, रोजगार, नशे और अपराध जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप भी लगाया। इस मौके पर चक्रवर्ती शर्मा ,सुलभ गूगनानी ,कदम सिँह अहलावत,विकास गोयल, रोबिन सचदेवा,अनिल दुरेजा सहित कई कांग्रेस नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।



'मन की बात' राष्ट्र निर्माण में योगदान की देती है प्रेरणा : डॉ. अरविंद शर्मा

कैबिनेट मंत्री ने राखीगढ़ी महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होने के लिए जाते समय सफर के दौरान सुना कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। गाड़ी में मन की बात कार्यक्रम सुनते कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशभर में हो रहे सकारात्मक प्रयासों, जनसेवा और समाज में बदलाव लाने वाली प्रेरक कहानियों से जुड़ने का सशक्त माध्यम है। यह संवाद नागरिकों को अपनी संस्कृति और विरासत पर गर्व करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करता है।

डॉ. शर्मा ने रविवार को राखीगढ़ी महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होने के लिए जाते समय सफर के दौरान प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम सुना। इस दौरान उन्होंने रोहतक के दिल्ली बाईपास पर लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल भी जाना। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में लोग अपने प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। ऐसे प्रयास दूसरों को भी जनसेवा और सामाजिक दायित्व निभाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। प्रधानमंत्री का यह संवाद समाज के लिए कुछ बेहतर करने की प्रेरणा देता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि भारत की समृद्ध संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत हमारी पहचान है। इसके संरक्षण के साथ नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना भी हम सभी का दायित्व है। जनभागीदारी से ही राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूती मिलती है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी नागरिक अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

नगर पालिका चुनाव मई, जून में प्रस्तावित, आरक्षण के लिए एफआईडीआर प्रक्रिया अपनाई जाएगी

महम शहर में वार्डबंदी की तैयारियां, अब 16 हो जाएंगे वार्ड

■ नगर पालिका की सीमा बढ़ने के कारण बढ़ सकता है एक वार्ड

■ इस बार नए चुनावी समीकरण बनेंगे, वर्तमान वार्डों में भी होगा फेरबदल



राज कुमार नरवाल ▶▶| महम

शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा महम शहर की वार्डबंदी की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए विभाग द्वारा नगर पालिका महम के साथ पत्र व्यवहार शुरू हो चुका है। जिस तरह से विभाग द्वारा तैयारियां की जा रही हैं, उससे लगता है कि जल्द ही शहर की वार्डबंदी का काम शुरू कर दिया जाएगा। नगर पालिका की सीमा बढ़ जाने की वजह से अब एक नया वार्ड बन सकता है। पहले महम नगर पालिका में 15 वार्ड थे। अब यह संख्या बढ़कर 16 हो जाएगी। इससे पहले 10 साल पहले महम में वार्डबंदी हुई थी। नई वार्डबंदी में वर्तमान वार्डों की भौगोलिक स्थिति भी बदल सकती है। वार्डों की स्थिति में बदलाव होने से महम में इस बार के नगर पालिका चुनाव में नए चुनावी समीकरण बनेंगे। महम में अभी से कई संभावित उम्मीदवार नगर पालिका चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए हैं। नई वार्डबंदी के बाद उनको नए मतदाताओं से संपर्क साधना होगा। पिछली बार साल 2022 में चुनाव हुए थे। जून में नई कार्यकारिणी ने शपथ ली थी। अब मई जून 2027 में चुनाव प्रस्तावित हैं। नगर पालिका प्रधान भारती पंवार ने बताया कि इस बार के नगर पालिका चुनाव से पहले जिस तरह से विभाग द्वारा तैयारियां की जा रही हैं, उससे लगता है कि इस बार चुनाव प्रक्रिया से पहले कई तरह के बदलाव देखने को मिलेंगे। चुनाव से पहले होने वाली आरक्षण प्रक्रिया भी पुराने ढर्रे पर नहीं होगी। बल्कि नए तरीके से आरक्षण प्रक्रिया की जाएगी। आरक्षण के लिए एफआईडीआर प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जिसमें फैमिली आईडी को आधार बनाया जाएगा।

तदर्थ निकाय समिति गठित

हरियाणा सरकार ने 46 नगर परिषदों अथवा नगर पालिकाओं के वार्डों का परिसीमन करने के लिए एक तदर्थ निकाय गठित किया गया है। इसमें संबंधित विभाग के निदेशक या उनके प्रतिनिधि अध्यक्ष होंगे। उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि संबंधित नगर निकाय के अध्यक्ष अथवा प्रशासक और कार्यकारी अधिकारी अथवा सचिव सदस्य होंगे। इसके अलावा भी पांच अन्य सदस्य इस बॉडी में शामिल किए जा सकते हैं।

यहां होनी है परिसीमन प्रक्रिया

महम के अलावा चरखी दादरी, फतेहाबाद, टोहाना, सोहना, हांसी, बहादुरगढ़, जींद, नरवाना, कैथल, नारनौल, पलवल, होडल, मंडी डबवाली, गोहाना, कालका, झज्जर, नूंह, भिवानी, समालखा, बरवाला, कुंडली, साढोरा, इस्माइलाबाद, नारायणगढ़, रतिया, भूना, सफीदों, उचाना, घरौंडा, तरावड़ी, असंध, निसिंग, शाहाबाद, लाडवा, पेहोवा, चीका, राजौंद, महेंद्रगढ़, नांगल चौधरी, फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना, बावल, ऐलनाबाद, रानियां व गन्नौर में परिसीमन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

खबर संक्षेप

लेट सुगनी देवी क्रिकेट की टीम 6 विकेट से जीती

रोहतक। जिले के राजीव गांधी स्टेडियम में खेले गए रोमांचक मुकाबले में लेट सुगनी देवी क्रिकेट फाउंडेशन ने एमडीसीए रोहतक को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमडीसीए रोहतक ने निर्धारित 46.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 258 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से कप्तान युगल भारद्वाज ने शानदार 55 रन और सागर ने 46 रनों की बेहतरीन पारी खेली। गेंदबाजी में लेट सुगनी देवी की तरफ से पारीक्षित पूनिया ने कातिलाना गेंदबाजी करते हुए 5 महत्वपूर्ण विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लेट सुगनी देवी क्रिकेट फाउंडेशन की शुरुआत आक्रामक रही और उन्होंने मात्र 24 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 261 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। आरडी ने महज़ 40 गेंदों पर 12 चौकों और 7 गगनचुंबी छक्कों की मदद से नाबाद 101 रनों की तूफानी शतकीय पारी खेली, जबकि संकल्प ने नाबाद 81 रन बनाए। शानदार प्रदर्शन के लिए आरडी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

मिट्टी कला से जुड़े कारीगरों को करवाना होगा पंजीकरण

रोहतक। हरियाणा मिट्टी कला बोर्ड के चेयरमैन अनूप प्रजापति ने वाल्मीकि जयंती पर हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों में मिट्टी कला से जुड़े कारीगरों, कुम्हारों तथा पारंपरिक मिट्टी उत्पाद बनाने वाले शिल्पकारों से हरियाणा मिट्टी कला बोर्ड में अपना पंजीकरण करवाने की अपील की। चेयरमैन अनूप प्रजापति ने बताया कि पंजीकरण के माध्यम से मिट्टी कला से जुड़े कारीगरों एवं शिल्पकारों को संगठित करने के साथ-साथ उनके उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके तहत पंजीकृत कारीगरों के उत्पादों को हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों तथा खुले बाजार में बिक्री के अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

क्रिकेट में वैश्य रोहतक और अग्रसेन कॉलेज बल्लभगढ़ विजेता

एमडीयू इंटर-कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान दिखा क्रिकेट का रोमांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पहले मुकाबले में वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग का मुकाबला राजकीय कॉलेज, बहादुरगढ़ से हुआ



रोहतक। मैच के बाद मौजूद खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के खेल निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित इंटर-कॉलेज क्रिकेट (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया। रविवार को खेले गए मुकाबलों में वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और अग्रसेन कॉलेज बल्लभगढ़ की टीमों ने अपने-अपने मैचों में शानदार जीत हासिल करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। दिन के पहले मुकाबले में वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (रोहतक) का मुकाबला राजकीय महाविद्यालय, बहादुरगढ़ से हुआ। टॉस जीतकर राजकीय महाविद्यालय, बहादुरगढ़ ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 185 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अर्जुन शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 55 गेंदों में 64 रन और यश ने 31 गेंदों में 34 रनों की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। गेंदबाजी में राजकीय महाविद्यालय के यश राठी ने 2 विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजकीय महाविद्यालय, बहादुरगढ़ की पूरी टीम 12.4 ओवरों में मात्र 70 रनों पर सिमट गई। टीम की तरफ से मुकुल देव ने 28 गेंदों में 26 रन बनाए। वैश्य कॉलेज की ओर से घातक गेंदबाजी करते हुए हर्ष बल्हारा ने 1.4 ओवरों में मात्र 7 रन देकर 3 विकेट झटके। इस प्रकार वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ने यह मुकाबला 115 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम किया।

बल्लभगढ़ ने 6 विकेट से जीता मुकाबला

दूसरे रोमांचक मुकाबले में अग्रसेन कॉलेज, बल्लभगढ़ और साउथ पॉइंट डिग्री कॉलेज, सोनीपत की टीमें आमने-सामने थीं। साउथ पॉइंट डिग्री कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ पॉइंट की टीम 15.4 ओवरों में 76 रनों पर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए हर्ष ने 37 गेंदों में 33 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। गेंदबाजी में अग्रसेन कॉलेज के प्रीत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2.4 ओवरों में 14 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, जबकि राहुल ने भी 3 विकेट अपने नाम किए। जवाब में अग्रसेन कॉलेज, बल्लभगढ़ ने 11.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर 77 रन बनाते हुए लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। टीम की ओर से अक्षत जाखड़ ने 22 गेंदों पर नाबाद 29 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। साउथ पॉइंट की ओर से लक्ष्य ताक ने 2 विकेट लिए। अंततः अग्रसेन कॉलेज बल्लभगढ़ ने यह मुकाबला 6 विकेट से जीतकर शानदार जीत दर्ज की।

एमडीयू में 13वें स्टूडेंट्स ओलंपिक नेशनल गेम्स में जबरदस्त प्रदर्शन

हरियाणा की टीमों ने कर्नाटक को पछाड़कर खिताब पर किया कब्जा

तीन दिनों तक चले इस राष्ट्रीय खेल महाकुंभ में दिखा खेल और अनुशासन का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के प्रांगण में आयोजित 13वें स्टूडेंट्स ओलंपिक नेशनल गेम्स 2026-27 में देशभर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। तीन दिनों तक चले इस राष्ट्रीय खेल महाकुंभ में एथलेटिक्स, बास्केटबॉल और बॉक्सिंग में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। स्टेडेंट्स ओलंपिक एसोसिएशन इंटर के महासचिव डॉ. प्रदीप भारद्वाज ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी मलेशिया और इंडोनेशिया में आयोजित होने वाले 10वी स्टूडेंट्स ओलंपिक नेशनल गेम्स में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि बास्केटबॉल के रोमांचक मुकाबलों में अंडर-17 बालक और बालिका दोनों वर्गों में हरियाणा की टीमों ने कर्नाटक को पछाड़कर खिताब अपने नाम किया। एथलेटिक्स के मुकाबलों में 100 मीटर में मणिपुर के ख्वाइजाकपम ने 12.62 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं 100 मीटर अंडर-19 पुरुष में महाराष्ट्र के रायगन ने 11.44 सेकंड के साथ बाजी मारी। अंडर-17 पुरुष 100 मीटर में महाराष्ट्र के आदित्य नायिका (11.85 सेकंड) और महिला वर्ग में महाराष्ट्र की विवाना (14.22 सेकंड) विजेता बनीं। 200 मीटर दौड़ स्पर्धाओं में अंडर-8 बालिका वर्ग में हरियाणा की ईशा ने 35.68 सेकंड में दौड़ पूरी कर पहला स्थान पाया, जबकि अंडर-8 बालक वर्ग में तमिलनाडु के श्रवण प्रथम रहे। अंडर-12 बालक वर्ग में हरियाणा के दीक्षत (31.22 सेकंड) और अंडर-17 बालिका वर्ग में हरियाणा की निशा (34.3 सेकंड) ने स्वर्ण पदक जीता। 400 मीटर दौड़ में अंडर-10 बालक वर्ग में हरियाणा के योगराज (1:19), अंडर-10 बालिका वर्ग में हरियाणा की सोम्या (1:23) और अंडर-17 पुरुष वर्ग में हरियाणा के अनीश ने 51.44 सेकंड के शानदार समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद (Long Jump) में अंडर-14 बालक वर्ग में वीर ने 4.40 मीटर छलांग लगाकर पहला स्थान हासिल किया।

22 किलोग्राम भार वर्ग में युगम की दमदार जीत

बॉक्सिंग के अंडर-10 मुकबालों में 22 किलोग्राम भार वर्ग में युगम और 28 किलोग्राम भार वर्ग में पुरवंक ने अपने-अपने मैच जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। बास्केटबॉल के रोमांचक मुकाबलों में अंडर-17 बालक और बालिका दोनों वर्गों में हरियाणा की टीमों ने कर्नाटक को पछाड़कर खिताब अपने नाम किया, जबकि अंडर-14 बालिका वर्ग में कर्नाटक की टीम विजेता और हरियाणा की टीम उपविजेता रही। आयोजन के अंत में सभी विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

न्यूज डायरी

एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शॉट पुट में रोहतक के निश्चय ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया



रोहतक। तमिलनाडु के चेन्नई में 23 से 27 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही 5 दिवसीय 41वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा राज्य के एथलीट खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में शीर्ष स्थान की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं। प्रतियोगिता के दौरान हरियाणा के युवा एथलीटों ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए पदकों का अंबार लगा दिया है। इस उपलब्धि पर एएफआई कमेटी के सदस्य राजकुमार मितान, एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह तथा समस्त पदाधिकारियों ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया है। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक और सत्यवीर धनखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि अंडर-16 आयु वर्ग लड़के के जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) इवेंट में सोनीपत के दक्ष सोलंकी ने 70.32 मीटर की बेहतरीन थ्रो फेंककर न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज कराया। इसी स्पर्धा में जींद के प्रिंस धत्तरवाल ने 68.07 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक हासिल किया, जबकि राजस्थान के दिव्यांशु सहरान 68.23 मीटर के साथ रजत पदक पर रहे। इसके अलावा, 18 वर्ष आयु वर्ग लड़के शॉट पुट प्रतियोगिता में रोहतक के निश्चय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, वहीं हरियाणा के ही नितेश कुमार ने रजत और उत्तर प्रदेश के मीत सिंह गिल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 18 वर्ष आयु वर्ग लड़के 400 मीटर दौड़ इवेंट में रेवाड़ी के आदित्य ने 47.79 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीता। लड़कियों के मुकाबलों में भी हरियाणा की बेटियों का दबदबा देखने को मिला। 20 साल आयु वर्ग लंबी कूद में सिरसा की कशिश ने 5.79 मीटर की जंप लगाकर रजत पदक अपने नाम किया, जिसमें तमिलनाडु की साधना रवि को स्वर्ण और ओडिशा की संजू हंतल को कांस्य पदक मिला।

सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को वितरित किए पहचान पत्र

रोहतक। सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों में अपने विद्यालय के प्रति अपनापन, गर्व और संस्थान की प्रतिष्ठा बनाए रखने की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांव सुनारियां में सराहनीय पहल की गई। अचीवर्स ग्रुप ऑफ एलुमनाई राजकीय उच्च विद्यालय सुनारियां की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुनारियां के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को पहचान पत्र वितरित किए गए। पहचान पत्र सोनी ज्वैलर्स की तरफ से तैयार करवाए गए। इस पहल का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को भी निजी विद्यालयों की तरह पहचान पत्र उपलब्ध करवाना है, ताकि उनमें विद्यालय के प्रति जुड़ाव और गौरव की भावना विकसित हो सके। पहचान पत्र मिलने से विद्यार्थियों को विद्यालय की पहचान के साथ-साथ अनुशासन और जिम्मेदारी का महत्व समझने में भी मदद मिलेगी।



रग्बी में जींद और पानीपत तथा हिसार और जींद की टीमें फाइनल में आमने-सामने

रोहतक। आधारशिला पब्लिक स्कूल, जींद में आयोजित दो दिवसीय 'अस्मिता खेल से है मेरी पहचान' हरियाणा राज्य रग्बी प्रतियोगिता रोमांचक दौर में पहुंच गई है। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले अंडर-15 आयु वर्ग में जींद बनाम पानीपत और अंडर-18 आयु वर्ग में हिसार बनाम जींद के बीच खेले जाएंगे। रग्बी संघ हरियाणा के महासचिव सुशील ढांडा ने जानकारी दी कि रोमांचक क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद अंडर-15 वर्ग में जींद और पानीपत ने फाइनल में जगह बनाई। वहीं, अंडर-18 आयु वर्ग के कड़े संघर्षपूर्ण मुकाबलों के बाद हिसार और जींद की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले के लिए अपना टिकट पक्का किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारंभ नगर परिषद जींद की चेयरमैन अनुराधा सैनी, आधारशिला पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर अंजू सिहाग और रग्बी संघ हरियाणा की संयुक्त सचिव बबीता सिंह ने किया। इस अवसर पर एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह और वरिष्ठ संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। रग्बी संघ हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि 24 से 25 अक्टूबर तक चले इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुल 20 टीमों ने हिस्सा लिया। रग्बी एसोसिएशन ऑफ हरियाणा की उपाध्यक्षा संयम मराठा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि सुचारू संचालन के लिए बबीता सिंह को टूर्नामेंट मैनेजर और असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी सारिका सिंह को ज्यूडिशियल ऑफिसर नियुक्त किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के सफल संचालन में हाल ही में वर्ल्ड रग्बी लेवल-1 का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिला रेफरी दीपा, करीना, ईशा, अंजलि, पायल, सीमा, ज्योति, कुसुम, अनीता और प्रीति ने मैच ऑफिशियल्स की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने संस्था के नवनियुक्त पदाधिकारियों को पत्र सौंपकर किया सम्मानित

रोहतक। रोहतक के कोटा क्लासेस परिसर में पूर्वांचल जनकल्याण सेवा संस्था की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के सामूहिक श्रवण के साथ हुई। समारोह में हरियाणा के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, रोहतक नगर निगम महापौर राम अवतार वाल्मीकि, अशोक चौधरी, पार्षद अशोक खुराना और मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने संस्था के नवनियुक्त पदाधिकारियों को पत्र सौंपकर सम्मानित किया और कहा कि पूर्वांचल समाज उनका अपना परिवार है, जिसके उत्थान के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, सामाजिक सौहार्द और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर संस्थापक सदस्य राम इकबाल राय, जिला अध्यक्ष आशीष दुबे, महासचिव छबिलाल यादव, संरक्षक एवं कोटा क्लासेस के निदेशक संदीप कुमार सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



बालाजी धाम डोभ में पहुंची 112वीं पैदल ध्वजा यात्रा, उमड़े श्रद्धालु

रोहतक। भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम, गांव डोभ में रविवार को भव्य संकीर्तन, भंडारे और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान श्री दुर्गा भवन मंदिर, भिवानी स्टैंड से निकली 112वीं पैदल ध्वजा यात्रा धाम पहुंची। श्रद्धालु हाथों में ध्वजा लेकर जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए भजनों पर झूमते-गाते पहुंचे। धाम के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि शनि देव मित्र मंडल, रोहतक और अन्य भक्तों की ओर से प्रत्येक रविवार यह यात्रा निकाली जाती है। रास्ते में श्रद्धालुओं के लिए तीन स्थानों पर विश्राम और जलपान की व्यवस्था रहती है। वापसी के लिए निशुल्क ऑटो सेवा भी उपलब्ध करवाई जाती है। धाम में दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित शिविर में आंखों, दांतों की जांच, फिजियोथेरेपी और चिकित्सा परामर्श की सुविधा दी गई। मरीजों को निशुल्क दवाइयां और चश्मे वितरित किए गए। गांव दुबलधन निवासी दिनेश कादयान के परिवार की ओर से कढ़ी-चावल का भंडारा लगाया गया। विनोद गुप्ता और सुनील शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी, जबकि रिंकू महादेव ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। प्रधान ने बताया कि सोमवार, 26 अक्टूबर को पूर्णिमा पर विशाल संकीर्तन, भक्त मेला, भंडारा और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित होगा।

गुरुद्वारा बंगला साहिब में 324 लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया

- जागरूकता सप्ताह के समापन पर नि:शुल्क नेत्र जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राजेश जैन के सहयोग से लगा नि:शुल्क कैंप

डॉ. भाटिया ने बताया कि शिविर का आयोजन एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन के सहयोग से किया गया। इस दौरान डॉ. भाटिया, डॉ. विक्रम, डॉ. पूजा अहलावत और डॉ. राकेश ने लोगों की जांच की। शिविर में दवाइयां, चश्मे, रक्तचाप और मधुमेह की जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क उपलब्ध करवाई गईं।

गुरुद्वारा बंगला साहिब में नेत्र संबंधी सूजन जागरूकता सप्ताह के समापन पर नि:शुल्क नेत्र जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जत्थेदार करनैल सिंह ने किया। शिविर में 324 लोगों ने स्वास्थ्य जांच की निशुल्क सेवाओं का लाभ उठाया।

अटल नेत्र संस्थान, पीजीआईएमएस रोहतक से पहुंचे नेत्र विशेषज्ञ डॉ. गुंजन, डॉ. मोनिका और डॉ. अनामिका ने लोगों को नेत्र संबंधी सूजन के कारणों और इसके उपचार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर उपचार नहीं मिलने से मोतियाबिंद, काला मोतिया और आंख के पर्दे से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। गंभीर स्थिति में व्यक्ति की दृष्टि भी जा सकती है। इसलिए आंखों में परेशानी होने पर तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।सेवानिवृत्त नेत्र सर्जन डॉ. सर्वपाल सिंह भाटिया ने बताया कि लगभग 80 प्रतिशत दृष्टिहीनता को बचाव और उचित उपचार के माध्यम से रोका या ठीक किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को नियमित रूप से आंखों की जांच करवाने की शपथ भी दिलाई।



शरद पूर्णिमा पर चांदनी में रखी जाएगी खीर, 51 किलो दूध से बनेगा अमृत प्रसाद

रोहतक। शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्री दुर्गा भवन मंदिर में 51 किलो दूध से खीर तैयार की जाएगी। मंदिर में पिछले 77 वर्षों से शरद पूर्णिमा पर खीर बनाने और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करने की परंपरा चली आ रही है। मान्यता के अनुसार, रातभर चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर को सुबह ग्रहण करना शुभ माना जाता है। मंदिर के पुजारी आचार्य मनोज मिश्र ने बताया कि शरद पूर्णिमा आश्विन मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। इसे कोजागरी पूर्णिमा, कौमुदी व्रत और रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस रात चंद्रमा 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी किरणों से अमृत बरसता है। इसी विश्वास के चलते खीर को चांदनी में रखने की परंपरा है। मंदिर के प्रधान ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष शरद पूर्णिमा 25 अक्टूबर को मनाई जा रही है। तिथि 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजकर 58 मिनट से शुरू होकर 26 अक्टूबर सुबह 9 बजकर 42 मिनट तक रहेगी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु रात को खीर चंद्रमा की रोशनी में रखते हैं और सुबह प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। शरद पूर्णिमा पर मां लक्ष्मी की पूजा, मंत्र जाप और रात्रि जागरण का भी विशेष महत्व माना जाता है। मंदिर में खीर प्रसाद की परंपरा श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक संस्कृति से जुड़ी हुई है।



डीएवी स्कूल के छात्रों ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक का किया भ्रमण

- शहीद पुलिस जवानों के बलिदान और राष्ट्रसेवा से रूबरू हुए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस की ओर से डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, सुनारिया के विद्यार्थियों और पुलिस कर्मचारियों को चाणक्यपुरी, नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने देश की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले पुलिस जवानों के योगदान को जाना। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों और पुलिस कर्मचारियों ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें पुलिस बल के गौरवशाली इतिहास, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना से परिचित करवाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में शहीद जवानों के सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना जागृत करना रहा। पुलिस का प्रयास है कि युवा पीढ़ी को सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रसेवा के मूल्यों से प्रेरित किया जाए, ताकि विद्यार्थी जिम्मेदार नागरिक बनकर देश और समाज के विकास में अपना योगदान दे सकें।

लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही शहर की सफाई व्यवस्था

कचरा हुए 35 लाख के डस्टबिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हाउस की बैठक में भी उठा था मामला

नगर निगम की पिछली हाउस की बैठक में भी डस्टबिन का मुद्दा जोर-शोर से उठा था। पार्षद नीरा भटनागर, कंचन खुराना और डिम्पल जैन ने डस्टबिन की खरीद और उनकी स्थिति को लेकर सवाल उठाए थे। बैठक के दौरान डस्टबिन की खरीद पर खर्च की गई राशि और उनकी कीमतों को लेकर भी विवाद हुआ था। पार्षदों ने महंगे दामों पर डस्टबिन खरीदे जाने को लेकर आपत्ति जताई थी। उस समय यह मामला चर्चा का विषय बना था, लेकिन शहर में डस्टबिन की मौजूदा स्थिति को देखकर सवाल उठ रहे हैं कि इनकी उपलब्धता और रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए।

शहर को साफ-सुथरा रखने और बाजारों में इधर-उधर कचरा फेंकने की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने लाखों रुपये खर्च करके डस्टबिन खरीदे थे। उम्मीद थी कि इन डस्टबिन के लगने से लोगों को कचरा डालने के लिए जगह-जगह भटकना नहीं पड़ेगा और सफाई व्यवस्था भी बेहतर होगी, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। शहर में कहीं डस्टबिन रखने के लिए लगाए गए स्टैंड खाली पड़े हैं तो कहीं डिब्बे टूटे हुए दिखाई देते हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि 35 लाख रुपये खर्च करके खरीदे गए डस्टबिन आखिर कहां चले गए? जिन डस्टबिन का इस्तेमाल लोगों की सुविधा और शहर की सफाई के लिए होना था, उनकी मौजूदा स्थिति नगर निगम की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। डस्टबिन की खरीद पर 35 लाख रुपये खर्च होने के बावजूद यदि लोगों को कचरा डालने के लिए पर्याप्त सुविधा नहीं मिल रही है तो यह व्यवस्था की निगरानी पर सवाल खड़े करता है। खरीद के समय कीमतों को लेकर उठे विवाद के बाद अब डस्टबिन की उपलब्धता और उनकी देखरेख भी महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है। सार्वजनिक धन से खरीदे गए सामान का उपयोग सुनिश्चित करना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है।

बाजारों में खाली पड़े स्टैंड

शहर के बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर डस्टबिन रखने के लिए स्टैंड लगाए गए थे, ताकि दुकानदारों, ग्राहकों और राहगीरों को कचरा डालने में परेशानी न हो। मगर कई स्थानों पर स्टैंड खाली नजर आते हैं। कहीं डस्टबिन दिखाई नहीं देते तो कहीं डिब्बे क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़े हैं। इससे सफाई व्यवस्था का उद्देश्य पूरा होता नजर नहीं आ रहा। बाजारों में खरीदारी करने आने वाले लोगों को कचरा डालने के लिए उचित स्थान नहीं मिलने पर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

खबर संक्षेप

पांच महीने से बंद मकान से नकदी व जेवर चोरी

रोहतक। पांच महीने से बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाया और ताला तोड़कर नकदी से लेकर सोने-चांदी के आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक सामान तक समेट ले गए। वारदात का पता पड़ोसी के फोन से चला। मकान मालिक ने रोहतक पहुंचकर जांच की तो अलमारी और घर का सामान बिखरा मिला। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

बोलेरो से अंग्रेजी शराब की 10 पेटियां बरामद

रोहतक। बोलेरो की पिछली सीट पर शराब की 10 पेटियां रखकर रोहतक से खरखौदा की ओर जा रहे चालक को पुलिस ने रास्ते में ही पकड़ लिया। गाड़ी की तलाशी लेने पर ऑल सीजन, मैकडॉवेल्स, रॉयल ग्रीन और रॉयल स्टैग ब्रांड की कुल 120 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब और बोलेरो को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आईएमटी थाना पुलिस ने आरोपी मनीष के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की जांच एसआई अशोक कर रहे हैं।

वाल्मीकि श्मशान घाट सुधार पर खर्च होंगे 1.54 करोड़

महम। मॉडल स्कूल महम के पीछे स्थित महर्षि बाल्मिकि श्मशान घाट की चारदीवारी व वहां पर अन्य निर्माण कार्यों पर एक करोड़ 54 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। पालिका अभियंता अशोक हुड्डा ने बताया कि जल्द ही श्मशान घाट में निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। लंबे समय से श्मशान घाट के सुधार की मांग को लेकर समाज के लोगों द्वारा नगर पालिका से मांग की जा रही थी। बाल्मीकि समाज के लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका ने श्मशान घाट की चारदीवारी और शेड का निर्माण करने का फैसला लिया है। बाल्मीकि समाज के लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका ने श्मशान घाट की चारदीवारी और शेड का निर्माण करने का फैसला लिया है। श्मशान घाट में शेड और चारदीवारी बनने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी

रोहतक। दो दिन तक घर बंद रहा और पीछे से चोरों ने पूरे मकान को खंगाल डाला। चोर सोने की अंगूठी, चांदी की पायल व चुटकियों के साथ सात हजार रुपये नकद और महिलाओं के 25 से 30 सूट चोरी कर ले गए। गढ़ी बोहर के मस्तनाथ नगर में खासा फार्म हाउस के पास रहने वाले आकाश पुत्र बिजेंद्र ने पुलिस को बताया कि वारदात का पता मकान मालिक को घर लौटने पर चला।24 अक्टूबर की शाम करीब छह बजे वापस लौटा तो मुख्य गेट सही सलामत था, लेकिन अंदर लकड़ी के दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संत परंपरा ने समाज को प्रेम व करुणा का मार्ग दिखाया: घोष

सच्ची आध्यात्मिकता जरूरतमंदों की सेवा और समाज कल्याण में निहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

भारत की समृद्ध संत परंपरा ने सदैव समाज को प्रेम, करुणा, सद्भाव और मानवता का मार्ग दिखाया है। संतों की वाणी और विचार हमें यह सिखाते हैं कि सच्ची आध्यात्मिकता केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों की निस्वार्थ सेवा, परस्पर सम्मान और समाज के समग्र कल्याण में निहित है। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष रविवार को रोहतक में टिकाणा संत बाबा सांवल शाह आश्रम के महंत बाबा प्रेमदास की स्मृति में भिवानी रोड स्थित एक गार्डन में आयोजित वार्षिक यज्ञ संगम एवं भंडारे के पावन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं, आयोजकों और साधु-संतों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा की प्रथम महिला मित्रा घोष भी उपस्थित रहीं।



रोहतक। वार्षिक यज्ञ संगम कार्यक्रम में राज्यपाल प्रो . असीम कुमार घोष का स्वागत करते बाबा। *फोटो :हरिभूमि*

उन्होंने कहा कि यज्ञ हमारी प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा का पावन प्रतीक है, जो हमें त्याग, समर्पण और लोकमंगल की भावना का संदेश देता है। वहीं, भंडारा सेवा, समानता और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करता है, जहाँ सभी वर्ग के लोग एक साथ बैठकर सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि वर्तमान समय में संतों की इन अमूल्य शिक्षाओं को अपने दैनिक जीवन में उतारने, युवा पीढ़ी को नैतिक मूल्यों व संस्कारों से जोड़ने और समाज में प्रेम, सद्भाव तथा आपसी सहयोग की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करने की महती आवश्यकता है।

ईश्वर का संकीर्तन ही जीवन का सच्चा मार्ग : मित्रा

मित्रा घोष ने उपस्थित जनसमूह को कहा कि सभी के प्रति अपनी मंगलकामनाएं व्यक्त करती हूं। उन्होंने सभी के सुखद, समृद्ध और उत्तम वर्ष की कामना करते हुए कहा कि ईश्वर का संकीर्तन और भक्ति ही हमारे जीवन का एकमात्र सच्चा मार्ग है। मित्रा घोष ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, भगवान बांके बिहारी ही हम सभी के पालनहार हैं और वही सभी का ध्यान रखते हैं। ईश्वर की कृपा और आशीर्वाद से ही जीवन में प्रगति संभव है। महंत राघवेंद्र भारती ने राज्यपाल उपस्थित संत समाज, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने हरियाणा में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा निरंतर की जा रही निस्वार्थ मानव सेवा और कल्याणकारी कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया।

मौके पर ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त अमरजीत सिंह, स्वामी राघवेंद्र भारती, बाबा मदन शाह, स्वामी शंकराचार्य, बाबा सूखा शाह, बाबा गौरव, बाबा हरपाल, रामसुख महाराज, स्वामी अरविंद, परमानंद महाराज, बाबा कर्णपुरी, महामंडलेश्वर विशेवरानंद, मानेश्वरी देवी, गुलशन ढुआ, उद्योगपति राजेश जैन, हरियाणा में रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी, पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी सुशील कुमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



विकसित भारत का सपना साकार करना है तो युवाओं को नशे से बचाना होगा : राज्यपाल

रोहतक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं को नशे से बचाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण से जोड़ना जरूरी है। नशा समाज के लिए गंभीर खतरा है। इससे निपटने के लिए शिक्षक, विद्यार्थी और समाज के सभी वर्ग मिलकर नशामुक्त भारत के निर्माण को जनआंदोलन बनाएं। यह आह्वान हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने किया। वे रविवार को एमडीयू में एनएसएस सेल द्वारा आयोजित नशामुक्ति जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। राज्यपाल घोष ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी हासिल होगा, जब देश का युवा स्वस्थ, जागरूक और नशे से दूर होगा। युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग देश के विकास में होना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी एवं हरियाणा की प्रथम महिला श्रीमती मित्रा घोष की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। इस जागरूकता रैली में नेशनल इंटीग्रेशन कैंप में भाग ले रहे नौ राज्यों के 172 श्रेष्ठ एनएसएस स्वयंसेवकों ने पारंपरिक परिधानों में शामिल होकर नशे के खिलाफ जागरूकता का सार्थक संदेश दिया। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नशामुक्त वातावरण को जरूरी बताते हुए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया।

पत्नी की हत्या का आरोपी 4 दिन के पुलिस रिमांड पर

- घरेलू विवाद में वारदात को दिया अंजाम, पुलिस ने चाकू और कवर किया बरामद
- सीआरपीएफ में जवान था आरोपी सोमवीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव बहुअकबरपुर में पत्नी की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति सोमबीर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पूछताछ के लिए चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि 23 अक्टूबर को पुलिस को गांव बहुअकबरपुर में एक महिला की चाकू मारकर हत्या किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर थाना बहुअकबरपुर की टीम मौके पर पहुंची। मृतका की पहचान मनीषा पत्नी सोमबीर के रूप में हुई। मनीषा की शादी वर्ष 2009 में गांव बहुअकबरपुर निवासी सोमबीर के साथ हुई थी। मृतका के भाई विरेंद्र के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी सोमबीर व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ओरापी सोमबीर सीआरपीएफ में जवान था। वह अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। 23 अक्टूबर को घरेलू विवाद के दौरान आरोपी ने मनीषा पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और वारदात में प्रयुक्त चाकू व उसका कवर बरामद किया।

कई जगह से टूटे पाइप, सैकड़ों लोग कर रहे शिकायत

गैस लाइन दबाने से क्षतिग्रस्त हुई पेयजल पाइप, चार महीने से आ रहा दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

घर में लगे नल से जब पानी की जगह गंदगी और बदबू आने लगे तो रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किल हो जाती है। पीने के पानी के लिए भी लोगों को दूसरे विकल्प तलाशने पड़ते हैं और घरेलू कामकाज के लिए भी परेशानी झेलनी पड़ती है। शहर के लाढ़ौत रोड, शास्त्री नगर और वसंत विहार क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ों लोगों की परेशानी कुछ ऐसी ही है। यहां पिछले करीब चार माह से घरों में गंदा और बदबूदार पेयजल पहुंच रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बीपीसीएल की ओर से पाइप लाइन बिछाने के दौरान जन स्वास्थ्य विभाग की पेयजल पाइप लाइन कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गई।



एआई जेनरेटेड

अलग खबर

लोगों को रोजाना उठानी पड़ रही परेशानी

स्थानीय लोगों के अनुसार, संबंधित क्षेत्रों में कुछ माह पहले ही बीपीसीएल की ओर से पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया गया था। कई जगह जेसीबी का प्रयोग किया गया। इस दौरान निगम और जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौके पर नहीं थे। इसी वजह से पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पुरानी पाइप लाइन को नुकसान पहुंचा। लोगों का कहना है कि पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। कई स्थानों पर पाइप लाइन में खराबी होने से घरों तक साफ पानी नहीं पहुंच पा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि समस्या सामने आने के बावजूद पिछले चार माह से उन्हें राहत नहीं मिल पाई है। लगातार गंदा पानी आने से लोगों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है।

बार-बार शिकायतों के बाद भी स्थाई समाधान नहीं

लाढ़ौत रोड, शास्त्री नगर और वसंत विहार क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा को लेकर उन्हें बार-बार शिकायत करनी पड़ रही है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो रहा। लोगों के अनुसार, पानी की सप्लाई के दौरान नलों से आने वाले पानी में गंदगी और दुर्गंध महसूस होती है। ऐसे में पानी का इस्तेमाल करने से पहले भी उन्हें चिंता रहती है। लोगों का कहना है कि पेयजल का इस्तेमाल खाना बनाने, बर्तन धोने और अन्य घरेलू कार्यों में भी किया जाता है। दूषित पानी की आपूर्ति के कारण पूरे परिवार को परेशानी झेलनी पड़ रही है। मजबूरी में लोगों को बाजार से भारी दामों में पानी खरीदना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने जन स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल पाइप लाइन की तकनीकी जांच करवाई जाए। जहां-जहां पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई है, वहां मरम्मत के बजाय जरूरत के अनुसार उसे बदला जाए, ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी समस्या न आए।

समस्या का समाधान करवाएंगे : एसडीओ



क्षेत्र में दूषित पेयजल की समस्या का समाधान करवाया जाएगा। विभाग की ओर से मामले को गंभीरता से लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि लोगों को साफ पेयजल मिल सके।
-राजेश रोहिल्ला, एसडीओ , जन स्वास्थ्य विभाग

सड़कों पर गोवंश का जमावड़ा, सवालों के घेरे में निगम

- मुख्यमंत्री से दो बार शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर की सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंश लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। प्रमुख मार्गों से लेकर कॉलोनियों और सेक्टरों के आसपास तक बड़ी संख्या में गोवंश दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में सवाल उठने लगा है कि नगर निगम वास्तव में गोवंश पकड़ने का अभियान चला भी रहा है या नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार हादसे हो चुके हैं और वाहन चालकों को हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है। मुख्यमंत्री से दो बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है। सुनारिया चौक से नई अनाज मंडी तक सड़क पर बड़ी संख्या में गोवंश घूमते रहते हैं। यहां से प्रतिदिन गुजरने वाले वाहन चालकों को अचानक सामने आने वाले पशुओं से बचने के लिए वाहन रोकने या दिशा बदलने पर मजबूर होना पड़ता है। समाजसेवी जसबीर कुमार का कहना है कि गोवंश की सुरक्षा और वाहन चालकों की जान, दोनों महत्वपूर्ण हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन को किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय समय रहते कार्रवाई करनी चाहिए। शहर के झज्जर रोड, गांधी कैंप, पुरानी आईटीआई, शिवाजी कॉलोनी, कण्हेली रोड और सोनीपत रोड सहित कई स्थानों पर गोवंश की मौजूदगी परेशानी बढ़ा रही है। सेक्टर-34 के आसपास भी गोवंश घूमते नजर आते हैं। इन मार्गों पर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है।



संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल

स्थानीय लोगों के अनुसार, गोवंश की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री तक दो बार शिकायत पहुंचाई जा चुकी है। इसके बावजूद सड़कों पर हालात में अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई दे रहा। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद भी यदि समस्या बनी हुई है, तो संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। लोगों को उम्मीद थी कि शिकायत के बाद नगर निगम अभियान चलाकर बेसहारा पशुओं को सड़कों से हटाएगा, लेकिन प्रमुख मार्गों पर गौवंश की मौजूदगी चिंता बढ़ा रही है।

प्रशासन को जगाने के लिए 'थारा फूफा जिंदा है' बारात निकालने वाले 108 वर्षीय दुलीचंद का निधन

- मार्च 2024 में कागजों में मृत घोषित होने के बाद बंद हुई थी पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला

प्रशासन के रिकॉर्ड में मृत घोषित किए गए, लेकिन हकीकत में जिंदा दुलीचंद को अपनी पेंशन बहाल करवाने के लिए लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी। सरकारी कागजों में खुद को जिंदा साबित करने के लिए उन्होंने बेटे के साथ अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काटे। जब कहीं से राहत नहीं मिली तो उनकी परेशानी को सामने लाने के लिए 'थारा फूफा जिंदा है' के नाम से ढोल-बाजे और रथ के साथ बारात निकाली गई। इस अनोखे विरोध प्रदर्शन से चर्चा में आए गांधरा गांव के 108 वर्षीय दुलीचंद का शनिवार रात करीब डेढ़ बजे निधन हो गया। रविवार को ढोल-बाजे के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। गांधरा गांव के सबसे बुजुर्ग लोगों में शामिल दुलीचंद को मार्च 2024 में प्रशासनिक रिकॉर्ड में मृत घोषित कर दिया गया था। इसके बाद उनकी पेंशन भी बंद हो गई। कई बार प्रयास करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो दुलीचंद की मुलाकात नवीन जयहिंद से हुई। इसके बाद सरकारी रिकॉर्ड में उन्हें जिंदा साबित करने और प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर खींचने के लिए अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया गया। 'थारा फूफा जिंदा है' का संदेश लिखकर रथ और बैंड-बाजे के साथ बारात निकाली गई। इस प्रदर्शन के जरिए दुलीचंद की पेंशन बंद होने और सरकारी रिकॉर्ड में उन्हें मृत दिखाए जाने का मामला सामने आया। इसके बाद वह काफी चर्चा में रहे। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण और अन्य लोग शामिल हुए। दुलीचंद अपने पीछे करीब 70 लोगों का परिवार छोड़ गए हैं।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

समारोह लोक कलाकारों व संस्था को आर्थिक सहायता देने की घोषणा

बेटियों की शिक्षा, सामाजिक सेवा व संस्कृति के संरक्षण में संस्थाओं की भूमिका अहम: पंवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खान एवं भू-विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सामाजिक सेवा, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए कार्य कर रही संस्थाएं एवं कलाकार समाज की अमूल्य धरोहर हैं। जब समाज के सक्षम लोग और संस्थाएं आगे आकर जरूरतमंदों का हाथ थामते हैं, तभी समाज में वास्तविक बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाना और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध करवाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कृष्ण लाल पंवार दादा लखमीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के सभागार में विलक्षणा सारथी संस्था द्वारा आयोजित विलक्षणा समाज-सारथी सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार और समाज के साझा प्रयासों से प्रदेश में लिंगानुपात में लगातार सुधार हुआ है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पेड़-पौधे और प्राकृतिक संसाधन आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर हैं। प्रदेश सरकार 75 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृक्षों के संरक्षण के लिए 'प्राण वायु देवता पेंशन योजना' के तहत प्रतिवर्ष 2,500 रुपये की पेंशन प्रदान कर रही है। कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश में विकास एवं पंचायत विभाग के अंतर्गत 70 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह कार्यरत हैं।



रोहतक। मंत्री कृष्ण लाल पंवार को स्मृति चिंह देते विलक्षणा सारथी संस्था के पदाधिकारी व अन्य कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

चिकित्सा शिक्षा में विस्तार, बढ़ी एमबीबीएस की सीटें

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर न जाना पड़े, इसके लिए 20 किलोमीटर के दायरे में राजकीय कॉलेज स्थापित करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा का भी विस्तार हुआ है और एमबीबीएस की सीटों में सरकार ने बढोतरी की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के वरिष्ठ एवं ख्यातिप्राप्त कलाकार हरियाणवी संस्कृति, लोक कला और सांग-रागनी की समृद्ध परंपरा को देश-विदेश में पहचान दिला रहे हैं। उन्होंने अपनी ऐच्छिक ग्रांट से वरिष्ठ कलाकार रणबीर बड़वासनी, मासूम शर्मा, महावीर गुड्डू और रामकेश को 31-31 हजार रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, विलक्षणा सारथी संस्था के जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए 2 लाख 51 हजार रुपये की वित्तीय सहायता देने का ऐलान किया।

जीवन में सामाजिक मूल्यों को अपनाए युवा : जांगड़ा

पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने अपने संबोधन में युवाओं से भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़े रहने तथा भटकाव से बचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए सामाजिक मूल्यों को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में 5 राज्यों की 30 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। संस्था की संस्थापिका एवं अध्यक्षा डॉ सुलक्षणा अहलावत, महासचिव डॉ विकास शर्मा तथा कार्यकारिणी के सदस्य विकास कुमार, नंदकिशोर, प्रियंका, सीमा, राहुल अहलावत, जिला प्रभारी सभी प्रकोष्ठ भाजपा रोहतक डॉ अशोक कुमार रंगा, हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के अतिरिक्त निदेशक गगन हरियाणवी, गायक महाबीर गुड्डू, रणबीर सिंह बड़वासनिया, रामकेश जीवनपुरिया, मासूम शर्मा, बाली शर्मा, राजबीर रोहिल्ला, हरिओम भाली आदि मौजूद रहे।

जिले में 28 को लगेगा रोजगार मेला युवाओं को मिलेगी नौकरी : डीसी

रोहतक। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से स्थानीय मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा 28 अक्टूबर 2026 को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला प्रातः 9:30 बजे स्थानीय लघु सचिवालय भवन स्थित मंडल रोजगार कार्यालय के हॉल नंबर 301 में आयोजित होगा। इसमें 2 से 3 प्रतिष्ठान (नियोक्ता) भाग लेकर योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएंगे। उपायुक्त सतबीर सिंह ने जिला के युवाओं एवं नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों से आह्वान किया कि वे इस रोजगार मेले में बढ़-चढ़कर भाग लें और उपलब्ध रोजगार अवसरों का लाभ उठाएं। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे रोजगार मेले नियोक्ताओं और नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने का प्रभावी माध्यम हैं। इस रोजगार मेले में रोहतक तथा आसपास के जिलों के कॉलेजों, पॉलिटेक्निक संस्थानों एवं आईटीआई से शिक्षा प्राप्त करने वाले डिप्लोमाधारी, स्नातक, स्नातकोत्तर, 12वीं पास तथा अन्य योग्यताओं वाले नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। रोजगार मेले के लिए 12वीं पास एवं डिप्लोमा सहित विभिन्न योग्यताओं से संबंधित रिक्तियां प्राप्त हुई हैं। सतबीर सिंह ने युवाओं का अपील की कि वे अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए निर्धारित समय पर रोजगार मेले में पहुंचें। रोजगार मेले में भाग लेने के इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी हरियाणा रोजगार विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपना पंजीकरण करवाएं, ताकि वे भविष्य में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों की जानकारी प्राप्त कर सकें और उनमें भाग लेकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। रोजगार मेलों के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों को अपनी प्रतिभा और कौशल के अनुरूप नौकरी प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

